माना मुश्किल बहुत बड़ी है | By Mukesh Bagda

माना मुश्किल बहुत बड़ी पर डरने की क्या बात है
लेके हाथ में मोरछड़ी जब बाबा अपने साथ है

माना रात अँधेरी है लेकिन ये भी कट जायेगी
नाम सुमर ले श्याम प्रभु का ये आंधी गम की छंट जायेगी
नियम पुराना हर सुबह के पहले काली रात है
लेके हाथ में मोरछड़ी जब बाबा अपने साथ है

दुश्मन चाहे घात लगा ले आखिर में पछतायेगा
श्याम भक्त का शत्रु जग में दर दर ठोकर खायेगा
कैसी चिंता अपने सिर पे श्याम धणी का हाथ है
लेके हाथ में मोरछड़ी जब बाबा अपने साथ है

छोड़ दे इसपे सारी चिंता ये ही पार लगाएगा
हारे का साथी ये सूरज सारे कष्ट मिटाएगा
श्याम कृपा से हर दिन होली दिवाली हर रात है
लेके हाथ में मोरछड़ी जब बाबा अपने साथ है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%95%e0%a4%bf%e0%a4%b2-%e0%a4%ac%e0%a4%b9%e0%a5%81%e0%a4%a4-%e0%a4%ac%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by/